दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 05
अंकः- 219
मुरादाबाद
(Monday)
01 December 2025
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## पीएम मोदी ने वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने की अपील की, खेलों में मिली उपलब्धियों को सराहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में देश को संबोधित किया। इसमें प्रधानमंत्री मोदी ने देश में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन, खेलों में भारत की उपलब्धियों और अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की ऊंची उड़ान आदि मुद्दों पर अपने विचार रखे। आजकल हमारे देश में एंड्युरेंस स्पोर्ट्स की संस्कृति तेजी से उभर रही है। इससे मतलब ऐसी गतिविधियों से है, जिनमें इंसानी क्षमता की परख होती है। मुझे बताया गया है कि देशभर में हर महीने 1500 से ज्यादा एंड्युरेंस स्पोर्ट्स का आयोजन होता है, जिसमें हिस्सा लेने के लिए एथलीट्स दूर-दूर तक जाते हैं। इसका उदाहरण है आयरनमैन जिसमें समुद्र में चार किलोमीटर तक तैरना, 180 किलोमीटर की साइकिल चलाना और 82 किलोमीटर तक मैराथन करना जैसे काम एक दिन में करने होते हैं। ऐसी कई और प्रतियोगिताएं हैं, जो युवाओं में काफी लोकप्रिय हो रही हैं। इनसे फिटनेस को बढ़ावा मिलता है। साथियों आपसे हर महीने मिलना मेरे लिए नया अनुभव होता है। आपकी गाथाएं और आपके प्रयास मुझे प्रेरित करते हैं। आपके सुझाव मुझे इस कार्यक्रम में भारत की विविधताओं को समेटने की प्रेरणा मिलती है।



सर्दियों के मौसम में आप अपना और अपने परिवार का ध्यान रखें। अगले महीने हम नए विषयों पर चर्चा करेंगे। तब तक के लिए बहुत बहुत धन्यवाद।पीएम ने मन की बात कार्यक्रम में कहा, खेलों की दुनिया में भी भारत का परचम लहराया है। कुछ दिन पहले ही भारत को राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी मिलने का भी एलान हुआ। ये उपलब्धियां देश की हैं, देशवासियों की है। और %मन की बात% देश के लोगों की ऐसी उपलब्धियों को, लोगों के सामूहिक प्रयासों को जन-सामान्य के सामने लाने का एक बेहतरीन मंच है।%खेलों के लिहाज से भी ये महीना भारत के लिए सुपरहिट रहा। पहले महिला टीम ने वर्ल्ड कप जीता। कुछ दिनों पहले ही बधिर ओलंपिक में 20 मेडल जीते। हमारी महिला टीम ने कबड्डी वर्ल्ड कप जीता। वर्ल्ड बॉक्सिंग में भी हमारे खिलाडियों ने 20 पदक जीते। हमारी ब्लाइंड महिला टीम ने बिना कोई मैच हारे वर्ल्ड कप जीता। इस टीम का हौसला और जज्बा हमें बहुत कुछ सिखाता है। ये जीत हर भारतीय को प्रेरित करती रहेगी।%%प्यारे देशवासियों मैं आप सभी से वोकल फॉर लोकल के मंत्र को साथ लेकर चलने की अपील करता हूं। हाल ही में जी20 सम्मेलन के दौरान मैंने वैश्विक नेताओं को ऐसे उपहार भेंट किए, जो वोकल फॉर लोकल के मंत्र को बढ़ावा देते हैं। मैंने जापान की प्रधानमंत्री को भगवान बुद्ध की चांदी की प्रतिमा भेंट की। इटली की पीएम को करीमनगर की एक कला भेंट की। मैं चाहता हूं कि दुनिया हमारे कारीगरों की प्रतिभा को पहचाने। मुझे खुशी है कि वोकल फॉर लोकल की भावना को देशवासियों ने अपना लिया है। हाल के त्योहारों की खरीद में लोगों ने मन से भारत के उत्पादों को चुना। इस बार युवाओं ने भी वोकल फॉर लोकल के अभियान को गति दी। आगामी क्रिसमस के समय भी वोकल फॉर लोकल की भावना का ध्यान रखे।%साथियों कुछ हफ्ते पहले मैं भूटान गया था। अपनी इस यात्रा में मैंने भूटान के राजा और पूर्व राजा और अन्य लोगों से मुलाकात की। इस दौरान हर किसी से एक बात जरूर सुनने को मिली। हर कोई वहां भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष भेजे जाने की तारीफ कर रहे थे। ये सुनकर मेरा हृदय खुशी से भर उठा। कई अन्य देशों ने भी, जहां भगवान बुद्ध के अवशेष भेजे गए, उन्होंने भी ऐसी ही खुशी जाहिर की।% अनेक देशों में विंटर फेस्टिवल, स्कीइंग, फैमिली स्नोपार्क जैसे अनुभवों को अपनी पहचान बनाया है। हमारे देश में भी विंटर टूरिज्म की असीम संभावनाएं मौजूद हैं। इन दिनों उत्तराखंड का विंटर टूरिज्म लोगों को आकर्षित कर रहा है। कई जगह लोगों के बीच खूब प्रसिद्ध हो रही हैं। हाल ही में आदि कैलाश में राज्य की पहली हाई एल्टीट्यूड मैराथन रन का आयोजन किया गया। 60 किलोमीटर लंबी आदि कैलाश रन कड़कड़ाती सर्दी में सुबह 5 बजे हुआ था। आदि कैलाश की यात्रा पर जहां तीन साल पहले तक दो हजार तक पर्यटक आते थे, आज यह संख्या बढ़कर 30 हजार तक पहुंच गई है।% %2 दिसंबर से काशी तमिल संगमम की शुरुआत हो रही है। यह उन सभी लोगों के एक महत्वपूर्ण मंच गया है, जिन्हें तमिल भाषा से प्यार है। इस बार भी काशी वासी पूरे जोश और उत्साह के साथ तमिलनाडु से आने वाले अपने भाई-बहनों का स्वागत करने के लिए उत्सुक है। इसके साथ ही ऐसे और मंचों के बारे में सोचे, जिनसे एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना मजबूत हो।

मेरे प्यारे देशवासियों, जब भारत के सुरक्षा तंत्र को मजबूती मिलती है तो सभी को खुशी होती है। पिछले दिनों आईएनएस माहे को लॉन्च किया गया। इसका माहे नाम, उस स्थान माहे के नाम पर रखा गया है, जिसकी समृद्ध विरासत रही है। केरल और तमिलनाडु के लोगों ने तारीफ की है। हमारी नौसेना तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रही है। 4 दिसंबर को हम नौसेना दिवस मनाने जा रहे हैं। ये दिन हमारे बहादुर नौसेना जवानों को सम्मान देने का अवसर है।%हरियाणा के कुरुक्षेत्र में महाभारत का युद्ध हुआ। अब इस युद्ध के अनुभव को कुरुक्षेत्र में डिजिटल तरीके से भी महसूस कर सकते हैं। कुरुक्षेत्र में ब्रह्म सरोवर पर आयोजित गीता महोत्सव में शामिल होना भी मुझे आनंद से भर गया था। इस महोत्सव में यूरोप, सेंट्रल एशिया समेत दुनिया के कई देश शामिल हुए। इस साल सऊदी अरब में पहली बार गीता की प्रस्तुति की गई। समय जब चारों ओर भय का माहौल था। उस वक्त जामनगर के राजा दिग्विजयसिंहजी रणजीतसिंहजी जडेजा जामसाब ने विश्वयुद्ध के बीच यहूदी बच्चों की रक्षा की। उन्होंने तब गुजरात में हजारों यहूदी बच्चों को शरण देकर उनकी रक्षा की, जो आज भी मिसाल है। पिछले साल पोलैंड के वारसॉ में मुझे जामसाब की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने का मौका मिला था, जो मेरे लिए अविस्मरणीय पल रहा।% जब चंद्रयान 2 संपर्क से बाहर हो गया था, उस दिन पूरा देश और वैज्ञानिक कुछ पल के लिए निराश हुए, लेकिन उसी दिन वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-3 की सफलता की कहानी लिखनी शुरू कर दी थी। हर बार जब मैं युवाओं की लगन और वैज्ञानिकों के समर्पण को देखता हूं तो मन उत्साह से भर जाता है, यही हमारे देश की ताकत है।% %हम सभी शहद की मिठास से परिचित होंगे, लेकिन हमें ये पता नहीं चलता कि इसके पीछे कितने लोगों की मेहनत है। जम्मू कश्मीर के सुलाई में शहद को जीआई टैग मिला है, जिसके बाद इसकी पहचान पूरे देश में बन रही है। दक्षिण कन्नड़ जिले की वनस्पतियां शहद उत्पादन के लिए अच्छी मानी जाती हैं। यहां ग्रामजन्य संस्था ने शहद उत्पादन को ब्रांडेड बनाकर शहरों तक बेचा है, जिसका लाभ किसानों को मिल रहा है। आज भारत शहद उत्पादन में नए रिकॉर्ड बना रहा है। आज भारत में शहद उत्पादन डेढ़ लाख मीट्रिक टन से ज्यादा हो गया है। इससे हजारों लोगों को रोजगार के अवसर मिले हैं। इससे देश के कोनों में शहद की मिठास भी बढ़ रही है और ये मिठास किसानों की आय भी बढ़ा रही है।%%हाल ही में भारत के स्पेस इकोसिस्टम को स्काईरूट के इन्फिनिटी कैंपस ने नई उड़ान दी है। कृषि क्षेत्र में भी देश ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। 3.57 करोड़ टन के खाद्यान उत्पादन के साथ रिकॉर्ड बनाया है। कुछ दिन पहले ही भारत को राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी मिली है। ये उपलब्धियां देश की और देशवासियों की हैं। खेलों में भी हमारे खिलाड़ियों ने देश का नाम रोशन किया है। साथियों अगर मन में लगन हो, टीम की तरह काम करने का विश्वास हो और फिर से उठ खड़े होने का साहस हो तो कठिन से कठिन काम भी पूरे होते हैं। आज दुनिया के देश अंतरिक्ष की ऊंचाईयों को नाप रहे हैं।%

### संक्षिप्त समाचार

#### SIR पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी का निर्देश, बोले- कई जगह है वोट... तो करें ये काम

स्क्ष्क्र पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिसके वोट कई जगह हैं, ऐसे लोग मौजूदा पते पर ही फार्म भरें। बताया कि 61 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन हो गया हैउत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में एक से अधिक स्थानों पर दर्ज है, वे मौजूदा पते पर ही गणना फॉर्म भरें। उन्होंने मतदाताओं का आह्वान किया कि वे फॉर्म भरकर और नवीनतम फोटो लगाकर जल्दी बीएलओ को उपलब्ध कराएं।उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक 9.41 करोड़ से अधिक (61त्न) गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन हो चुका है। उन्होंने बताया कि अब तक 5123 बूथों पर शत-प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। प्रगति के अनुसार निर्धारित अंतिम तिथि 4 दिसंबर तक वितरित गणना प्रपत्रों का संग्रह कर लिया जाएगापात्र मतदाताओं को चिह्नित कर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराएं- जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि पात्र मतदाताओं को चिह्नित कर मतदाता सूची में उनका नाम अवश्य दर्ज कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि अब 5 दिन ही शेष हैं ऐसे में संग्रह और डिजिटाइजेशन के काम में और तेजी लाएं। कम प्रगति वाले बूथों पर अतिरिक्त कार्मिक लगाकर काम पूरा कराएं।

## कैलिफोर्निया में गोलीबारी, चार की मौत, 10 घायल;बच्चे की बर्थडे पार्टी में चलीं गोलियां

पुलिस के अनुसार, गोलीबारी की घटना स्टॉकटन के लुसिले एवेन्यू के 1900वें ब्लॉक में घटी। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्टॉकटन के उप-मेयर जेसन ली ने बताया कि एक बच्चे के बर्थडे के दौरान गोलीबारी की घटना हुईअमेरिका में एक बार फिर गोलीबारी की घटना हुई है। पुलिस ने बताया कि कैलिफोर्निया के स्टॉकटन में हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हुई है और 10 लोग घायल हुए हैं। एक बच्चे की बर्थडे पार्टी के दौरान गोलीबारी हुई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गोलीबारी में मरने वाले लोगों में दो बच्चे भी शामिल हैं। सैन जाओकिन काउंटी शेरिफ ने सोशल मीडिया पोस्ट पर बताया कि मरने वालों में दो बच्चे और दो व्यस्क शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में ऐसा लग रहा है कि इन लोगों की निशाना बनाकर हत्या की गई। गोलीबारी की घटना एक बैंक्वेट हॉल के भीतर हुई। पुलिस गोलीबारी के पीछे की वजह तलाशने में जुटी है।पुलिस के अनुसार, गोलीबारी की घटना स्टॉकटन के लुसिले एवेन्यू के 1900वें ब्लॉक में घटी। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्टॉकटन के उप-मेयर जेसन ली ने बताया कि एक बच्चे के बर्थडे के दौरान गोलीबारी की घटना हुई। उन्होंने घटना पर दुख जताया और कहा कि वह अधिकारियों के संपर्क में हैं। पुलिस ने एहतियातन घटनास्थल की ओर जाने वाली सड़कों को बंद कर दिया है।बीते माह अमेरिका के मिसिसिपी डेल्टा क्षेत्र में भी गोलीबारी की घटना हुई थी। दो अलग-अलग जगहों पर हुई गोलीबारी में छह लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य लोग घायल हो गए। राज्य के सीनेटर डेरिक सिमंस ने बताया कि एक घटना में लीलैंड शहर में हाई स्कूल फुटबॉल होमकमिंग गेम के बाद गोलीबारी हुई। इसमें चार लोगों की मौत हुई और 4 अन्य घायल हो गए। वहीं दूसरी घटना हाइडलबर्ग शहर में हाई स्कूल होमकमिंग वीकेंड के दौरान स्कूल परिसर में गोलीबारी हुई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई।

## CM ने योगी ने गोरखपुर में सुनीं करीब 200 लोगों की समस्याएं, बोले- घबराइए मत, हर समस्या का होगा समाधान



जनता दर्शन में कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर सीएम योगी ने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी गरीब की जमीन पर यदि कोई कब्जा करने की कोशिश करे तो उसे ठीक से सबक सिखाया जाए। गरीब की जमीनों पर दबंग या माफिया का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन, रविवार सुबह जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा, 'घबराइए मत, हर समस्या का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। हर पीड़ित की शिकायत का प्रभावी निस्तारण कराया जाएगा।' जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी निस्तारण कराएं। इससे पहले शनिवार को भी सीएम ने जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनी थीं। रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में महिलाओं की संख्या अधिक रही। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और उनकी समस्याएं सुनीं। सीएम ने उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का त्वरित और पारदर्शी निस्तारण कराया जाए।माफिया का कब्जा बर्दाश्त नही जनता दर्शन में कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर सीएम योगी ने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी गरीब की जमीन पर यदि कोई कब्जा करने की कोशिश करे तो उसे ठीक से सबक सिखाया जाए। गरीब की जमीनों पर दबंग या माफिया का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अफसरों को यह निर्देश भी दिए कि यदि किसी प्रकरण में पीड़ित को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा है तो इसकी भी जांच कर जवाबदेही तय की जाए। जनता दर्शन में अंबेडकरनगर से आई एक महिला ने बाजार गए अपने बच्चे के साइकिल सहित गायब होने की पीड़ा बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि इस प्रकरण को संवेदनशीलता से लिया जाए और बच्चे का पता लगाने को जरूरी कदम उठाए जाएं। %घबराओ मत उपचार की पूरी व्यवस्था कराई जाएगी%- जनता दर्शन में इस बार भी कुछ लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें मदद का भरोसा दिया और अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। एक महिला द्वारा किडनी के इलाज में डायलिसिस कराने की जरूरत और उसके लिए धनराशि न होने की बात कहने पर मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद अफसरों को निर्देशित किया कि डायलिसिस के लिए पैसे की व्यवस्था कराई जाए। उन्होंने महिला को यह कहते हुए भरपूर आत्मीय संबल दिया, 'घबराओ मत उपचार की पूरी व्यवस्था कराई जाएगी।' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में परिजनों के साथ बच्चों पर खूब प्यार-दुलार बरसाया। उन्होंने इन बच्चों चॉकलेट के साथ आशीर्वाद दिया।

## घुसपैठियों और फर्जी वोटरों को बचाना चाहते हैं अखिलेश... यूपी के जलशक्ति मंत्री का पलटवार

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के आरोपों पर यूपी के जलशक्ति मंत्री ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को 2027 में हार का डर सता रहा है इसलिए झूठ बोलकर जनाधार बचाने की कोशिश कर रहे हैं।भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत से एसआईआर कराने के सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा, सपा अध्यक्ष घुसपैठियों और फर्जी वोटरों को बचाने के लिए अनाप-शनाप बयान देकर जनता को बरगलाना चाहते हैं। बीएलओ की मौत पर भी वह राजनीति कर रहे हैं। किसी की मौत पर सियासत करना अखिलेश का पुराना शौक है।जलशक्ति मंत्री ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि सभी को पता है कि एसआईआर के जरिये मतदाता सूची को शुद्ध करने के लिए मृतकों के नाम और मतदाता के नाम का दोहराव हटाया जा रहा है। जनता भी इसके पक्ष में है। बिहार ने इसकी पुष्टि भी कर दी है। फिर भी सपा अध्यक्ष को एसआईआर में लोकतंत्र का अपहरण दिखता है।

## संपादकीय Editorial

### New tourism is needed now.

The scene of an ancient city submerged in the Bilaspur lake and the sound of historic anklets are finally finding shores to move forward in floating boats. The three-day Jal Tarang Josh Mahotsav sparks dreams of a weekend destination and the presence of water sports and paragliding, with solid evidence, creates a vibrant atmosphere. The four-lane project also offers the potential to usher in a new tourism destination within Himachal. When the distance from Bilaspur to a city like Chandigarh is just one and a half to two hours, the world of entertainment, adventure sports, and thrills within the tourism culture also comes closer. Those who were headed to Manali and Shimla yesterday are now stopping in Kasauli and Bilaspur. It is a different matter that Bilaspur needs to develop its own tourism package. Similarly, new tourism is needed among all the destinations in Himachal. If we divert tourists traveling from Dalhousie to Chamba to Pong or stop tourists traveling on the Dharamshala-McLeodganj route in Una, the focus of weekend tourism will change. Offering Nahan, along with Paonta Sahib and Renuka near Dehradun, will provide easy access for visitors from other states to the state's new and exciting activities, entertainment, and adventure. Making Mandi easier for Manali and including Rampur Bushahr as a destination for Kufri, will also spark new tourism. Indeed, the Atal Tunnel shouldn't be the only point of departure for those visiting Himachal. Manali, McLeodganj, and Shimla shouldn't be the only destinations. We haven't developed Una for Sikh tourism. We haven't promoted water sports around Una. Neither have the routes to Pong seen the rise of tourism, nor have the Bhakra Dam added many moments of adventure to the periphery of Una. To prevent tourism from becoming a crowded and relaxing companion, rural tourism in the state must be prioritized. If at least one tourist village is identified in each assembly constituency, this area will receive many accolades. Under a model, tourism villages can be created through various departmental initiatives. For example, if the tourism village design in the Dhar Kandi area of ??Shahpur promotes trout fishing, natural agricultural produce, cultural background, trekking, and relaxation-oriented homestays in a limited area, the tourism objective will be clear. Kinnaur's Sangla Valley once thrived on the spirit of agro-tourism, but we have lost the foundation by reducing it to a mere business. Therefore, villages should be developed with some speciality of tourism, where tourists can find a connection to their interests, such as water sports, scenery, religious sentiments, rural life, tribal life, mythological traditions, and natural or agro-landscapes dotted with tranquil pastures or forests. The theme, progress, and development of each tourist village must be predetermined and imbued with community responsibility, so that tourists can spend time enjoying new experiences. In this way, many villages will be connected to the Jal Shakti Department's water supply or irrigation projects and dams. If watershed projects are conceptualized as tourism watershed projects, their appeal will increase. Linking an ancient stepwell, fort, field, or architecture to tourism conservation will result in heritage villages. If the State Marketing Board, Public Supply Corporation, Milk Federation, Snow Weavers, and Khadi Board engage tourists in their respective areas, the presentation of their products will develop into tourism villages alongside highway tourism. By creating selfie points, petrol pumps, food marts, automobile service stations, gift centers, and haat bazaars every ten to fifteen kilometers on every major road, providing opportunities to self-help groups.

# Chief Minister Yogi Adityanath announces the completion of the grand temple construction.


When the saffron flag flies atop the divine peak, it will not be a sign of victory. It will symbolize the unwavering devotion to sacrifice, austerity, struggle, patience, compassion, and truth, lived and preserved by millions for generations. The flag will convey the message that India stands firm on its values ??and is building its future on these foundations. The Shri Ram Janmabhoomi Temple is not merely a collection of stones. The grand temple of Lord Shri Ram in Shri Ayodhyadham. Today's flag hoisting ceremony on the peak of the Shri Ram Janmabhoomi Temple in Shri Ayodhyadham is not merely a celebration of the temple's completion, but also a proclamation of the re-establishment of eternal Indian faith, nationalism, and cultural identity. This occasion is also special because the resolve, once merely emotional, has now been transformed into architecture. The place that was the scene of centuries of struggle has now become a center of reverence, pride, and national consciousness. The wait of millions of devotees has been fulfilled, and this fulfillment is imbued with the fragrance of austerity, sacrifice, and collective resolve. World history has witnessed countless struggles, empires have been born and destroyed, but perhaps no land has waited so long, remaining so steadfast in the truth of its deity. The struggle for Shri Ram's birthplace was not merely for justice; it was a great sacrifice for the revival of the nation's soul. No section of society was left untouched in this centuries-long endeavor. Sanyasis, saints, priests, Nagas, Nihangs, politicians, thinkers, scholars, ordinary householders, and ascetics living in forests and caves—all rose above the boundaries of caste, sect, or method of worship and dedicated themselves to Ram's work. The hoisting of the flag at the magnificent temple of Lord Shri Ram in Shri Ayodhya Dham is not merely the completion of a temple's construction, but the culmination of long-accumulated emotions, waits, struggles, and devotion. The divine coincidence of Vivah Panchami makes it even more sacred. It was on Margashirsha Shukla Panchami that Lord Shri Ram and Mother Janaki were married. This marriage symbolizes not only marital bliss but also the unity of religion and nature. Today, hoisting the flag on this very date not only upholds the tradition but also conveys the message that the light of religion always triumphs and the values ??of Ramrajya are timeless. Maharishi Valmiki said, "Ramo Vigrahavan Dharmah," meaning Lord Ram is the embodiment of religion. The flag hoisting ceremony is not just a day, a ritual, or a moment of celebration. It is a historic juncture where millennia of cultural memory, five decades of struggle for justice, the penance of saintly traditions, the patience of millions of devotees, and the collective consciousness of the entire nation converge to proclaim the establishment of truth, the revival of religion, and the completion of the construction of a grand temple at the birthplace of Shri Ram. The way Ayodhya has attracted the world following the grand consecration of the child idol of Shri Ram Lalla, which took place on the Dwadashi of the Shukla Paksha of the month of Paush, January 22, 2024, at the Abhijit Muhurta, by the hands of the respected Prime Minister Narendra Modi, the charioteer of India's Amritkaal, is unprecedented. In just one and a half years since the consecration, the number of devotees and tourists visiting Ayodhya from India and abroad has surpassed 400 million. Hotels and dharamshalas are consistently full, and new employment and business opportunities in the local economy have grown rapidly. Ayodhya today is attracting the world with a balanced approach to both faith and economy. People who used to visit only for pilgrimage are now coming to explore the vast world of culture, architecture, spirituality, tourism, and heritage. The Prime Minister envisioned Ayodhya Dham to be grand, befitting the splendor of the Treta Yuga. Under his guidance, Ayodhya has become both divine, grand, and innovative during this period. Roads, ghats, pathways, security systems, and public amenities have been developed. The Maharishi Valmiki International Airport, the Rampath, the Dharmapath, the Bhakti Path, the Janmabhoomi Path, and the restoration of the Saryu River have become the cornerstones of this transformation. Projects worth approximately 50,000 crore rupees are reshaping Ayodhya. The Shri Ram Janmabhoomi Temple construction project has also made history. It is the first religious project in the world to receive the Sword of Honor from the British Safety Council and the highest safety award from India's National Safety Council. This demonstrates that the construction was carried out not only with faith but also in accordance with global engineering and safety standards. The entire complex spans 2.7 acres, encompassing a magnificent built-up area of ??approximately 57,400 square feet. The three-story temple, 360 feet long, 235 feet wide, and 161 feet high, boasts 20-foot-high floors on each floor, a total of 366 pillars, five pavilions, 12 grand gateways, and the distinctive Nagara style of architecture with intricate craftsmanship, all testify to its unparalleled grandeur. On the ground floor, one can have darshan of Balakram, while on the first floor, one's desire to see the magnificent and divine Shri Ram Darbar is fulfilled. Within the ramparts are the Sheshavatar Temple, Saint Tulsidas Temple, statues of Jatayu and the squirrel, and in the Sapta Mandapam, statues of Maharishi Vashistha, Maharishi Vishwamitra, Maharishi Valmiki, Agastya Muni, Nishadraj, Mata Shabari, and Mata Ahalya. When the saffron flag is hoisted atop the divine peak, it will not signify victory. It will symbolize the unbroken quest for sacrifice, austerity, struggle, patience, compassion, and truth, lived and preserved by millions for generations. The flag will convey the message that India stands firm on its values ??and on these foundations. It is building the future. Shri Ram Janmabhoomi Temple is not just a group of stones. It is the history of tears, the penance of saints, the dedication of society and the living embodiment of a nation that never abandoned truth. This temple is not just a centre of faith but a beacon on the path of life, which will keep telling the coming generations that religion is not just a method of worship but a vision of conduct and the basis of society. We wish from Lord Shri Ram that he may reside as a value in every heart and that his compassion, dignity and righteous wisdom may continue to illuminate our lives.


# The Rise of National Consciousness, the Installation of the Dharma Dhwaja on the Top of the Ram Temple

The Prime Minister is determined to overcome this mindset within the next ten years, but this is not an easy task. This will require a radical transformation of the education system, which still harbors vestiges of Macaulay-era education and, as a result, makes people reluctant to take pride in their culture and heritage. Pride in Our Culture and Heritage is Essential. The installation of the Dharma Dhwaja on the top of the Ram Temple in Ayodhya not only signifies the completion of the temple's construction but also proclaims India's cultural consciousness. This event marks the end of a five-century-old struggle. The desire to build a grand temple at the birthplace of Lord Ram took so long to be fulfilled because, after independence, this task, which should have been given top priority, was ignored for narrow political reasons. The first responsibility of any self-respecting nation is to erase the signs of slavery as soon as it becomes independent. Many countries around the world have done just that. In this case, Poland's decision to demolish the Orthodox Church built by the Russian Empire is a precedent, but India, due to its pseudo-secularism and lack of pride in its cultural heritage, refrained from setting such a precedent. Just as the Somnath Temple was restored, the temples of Kashi and Mathura should also have been liberated, paving the way for the construction of the Ram Temple in Ayodhya. If the Ram Temple was finally built in Ayodhya after centuries of waiting, it was not only because the judiciary finally decided to resolve the dispute. The judiciary was able to resolve this dispute because the Modi government created favorable conditions. In contrast, most previous governments, instead of creating such conditions, made more efforts to prevent the dispute from being resolved. It cannot be ignored that the Supreme Court also refused to take cognizance of the question referred by the President on the Ayodhya dispute. All this happened because of narrow politics, as well as the mentality born of Macaulay's education system, a need for liberation from which Prime Minister Modi also expressed in Ayodhya. He has previously underlined the need to completely eradicate this slave mentality. The mentality born of Macaulay's education system not only alienated Indian society from its rich cultural consciousness but also created a suicidal feeling of inferiority towards one's heritage. The Prime Minister is determined to overcome this mentality within the next ten years, but this is not an easy task. This will require radical changes to the education system, which still bears the remnants of Macaulay's education and which has led to hesitation in taking pride in one's culture and heritage.



# यूपी में बीएलओ ने दी जान: सुसाइड नोट में लिखा, SIR का टारगेट पूरा नहीं कर पा रहा; बहुत टेंशन में रहता हूं





46 वर्षीय सर्वेश सिंह भगतपुर टांडा ब्लॉक के जाहिदपुर सीकमपुर गांव स्थित कंपोजिट विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात थे।

उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने बताया कि सात अक्तूबर को उन्हें बीएलओ बनाया गया थायूपी के मुरादाबाद स्थित भोजपुर क्षेत्र के बहेड़ी ब्रह्मनान गांव में बीएलओ सर्वेश सिंह ने आत्महत्या कर ली। पुलिस और परिजनों को मौके से सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उन्होंने लिखा है कि वह एसआईआर टारगेट पूरा नहीं कर पा रहा है। रात दिन बहुत टेंशन में रहता हूं। जिसकी वजह से आत्महत्या करने को मजबूर हूं।

सहायक अध्यापक के पद तैनाते थे सर्वेश- 46 वर्षीय सर्वेश सिंह भगतपुर टांडा ब्लॉक के जाहिदपुर सीकमपुर गांव स्थित कंपोजिट विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात थे। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने बताया कि सात अक्तूबर को उन्हें बीएलओ बनाया गया था। घर पर फंदे से लटकी मिली लाश- रविवार की सुबह उनका शव घर में ही फंदे पर लटका मिला है। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने मामले की जांच की जा रही है।

# फर्जी सिपाही बनकर लड़की से कर ली शादी...फिर कई लोगों से वसूले रुपये



असमोली थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा खुद को सिपाही बताकर युवती से शादी रचाने और कई ग्रामीणों से रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

असमोली क्षेत्र के ग्राम शाहबाजपुर कला के एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर दी है कि डेढ़ माह पहले उसने अपनी बेटी की शादी ऐंचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के नेहरौला गांव निवासी सलमान उर्फ मुबारक से की थी। रिश्ता तय करते समय युवक ने खुद को यूपी पुलिस में सिपाही बताया था। शादी के बाद युवती ने पिता को बताया कि पति कभी ड्यूटी पर नहीं जाते और पूछने पर कहते हैं कि वे लंबी छुट्टी पर चल रहे हैं।

परिजनों ने जानकारी जुटाई तो पता चला कि सलमान न तो पुलिस में तैनात है और न ही कभी रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, वह अपनी गाड़ी में लाल-नीली बत्ती लगाकर सायरन बजाते फर्जी सिपाही बनकर घूमता है। इसी गांव के भोलू ने भी सलमान के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। उसका कहना है कि 26 नवंबर को सलमान उसके घर पहुंचा और पुलिसकर्मी बताते हुए 30 हजार रुपये की मांग की। पैसे न देने पर उसने झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी। एक अन्य ग्रामीण ने भी सलमान पर इसी तरह सिपाही बनकर वसूली करने का आरोप लगाया है। असमोली क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार का कहना है कि एक मुकदमा दर्ज किया गया है।

अन्य शिकायतें सामने आएंगी तो उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, सलमान उर्फ मुबारक के खिलाफ एक वर्ष पूर्व संभल कोतवाली में भी फर्जी सिपाही बनकर दुकानदारों से मुफ्त सामान लेने का मुकदमा दर्ज हुआ था।

# यूपी में सनसनीखेज वारदात: नानी घर शादी में जा रहे दो बच्चे रास्ते से गायब, एक की लाश खेत में मिली; दूसरा लापता

अपहरण किए गए किशोर का शव मिलने की सूचना पर एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा मौके पर पहुंची और टीम को आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिए लगाया है।यूपी के संभल स्थित रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव सिघौली कल्लू के खेतों में शनिवार की सुबह करीब 10ः30 बजे लापता किशोर का शव मिला। इसकी पहचान बहजोई थाना क्षेत्र के गांव मैथरा धर्मपुर निवासी 14 वर्षीय अमरपाल के रूप में हुई। किशोर का शव मिलने की सूचना पर पहुंचे पिता रामौतार ने पहचान की। पीड़ित पिता ने बताया कि उनका दूसरा बेटा 10 वर्षीय कमल सिंह भी चार दिन से लापता है। पुलिस अब कमल की बरामदगी में जुट गई है। पीड़ित पिता ने जिस रिश्तेदार युवक पर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, उसकी भी तलाश की जा रही है।शादी में जा रहे थे दोनों भाई- पिता रामौतार ने पुलिस को बताया कि उनके दोनों बेटे अपनी ननिहाल गांव मझोला में 25 नवंबर को बैंकि



समारोह में शामिल होने गए। इस गांव से 26 नवंबर को बरात जा रही थी। बरात में जाने के लिए पिकअप में सवार हो गए थे लेकिन बदायूं के थाना उघैती अंतर्गत गांव सरैरा निवासी रिश्तेदार धनवीर आया और उसने बाइक से बरात में ले जाने की बात कही और दोनों बेटों को पिकअप गाड़ी से नीचे उतार लिया। जब दोनों बेटे बरात में नहीं पहुंचे तो चिंता हुई और तलाश की गई लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लगा।कमल की तलाश में पुलिस - रिश्तेदार युवक से जानकारी की तो उसने भी सही जानकारी नहीं दी। इसके बाद ही धनारी थाने में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अपहरण किए गए किशोर का शव मिलने की सूचना पर एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा मौके पर पहुंची और टीम को आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिए लगाया है। एएसपी ने रजपुरा और धनारी थाने की पुलिस को मृतक के दूसरे लापता भाई कमल सिंह की तलाश में लगाया है। वहीं, दूसरी ओर परिजनों को कमल सिंह के साथ भी अनहोनी होने का डर सता रहा है।


शव खींचने के भी निशान मिले- रजपुरा थाना क्षेत्र के जंगल में जहां शव मिला है, वहां तक जाने को गवां-बबराला मार्ग पर स्थित गांव देवपुरा से चकमार्ग जाता है जो आगे गांव सिंघौली कल्लू और करकौरा तक के खेतों को जोड़ता है। हत्यारोपी मुख्य मार्ग से पहले करीब पांच सौ मीटर जंगल की ओर गया और फिर एक खाली खेत से शव को करीब 50 मीटर तक खींच कर ले गया। बाद में शव को सिंघौली कल्लू के निवासी जय नारायण के गन्ना के खेत में फेंककर भाग गया। शरीर पर थे चोट के निशान, जंगली जानवर ने भी नोंचा- किशोर के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं और चेहरे का कुछ हिस्सा भी जंगली जानवरों ने नोच लिया था। पांच घंटे तक पुलिस शिनाख्त कराने का प्रयास करती लेकिन शाम तीन बजे के करीब शव की शिनाख्त बहजोई थाना क्षेत्र के गांव मैथरा धर्मपुर निवासी रामौतार के 14 वर्षीय बेटे अमरपाल के रूप में हुई।

पारिवारिक विवाद के चलते हत्या किए जाने की चर्चा- हत्या का आरोपी धनवीर बीटेक प्रथम वर्ष का छात्र बताया जा रहा है। चर्चा है कि पारिवारिक विवाद में किशोर की हत्या हुई है। हालांकि सवाल यह भी उठ रहा है कि किशोर का छोटा भाई कहां है। उसकी जानकारी पुलिस को नहीं मिल पा रही है। आरोपी भी भागा हुआ है। अब पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। जिससे सही जानकारी सामने आ सके। पुलिस का बयान- किशोर का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दूसरे लापता बालक की बरामदगी के लिए टीम को लगाया गया है। जिस युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज है। उसकी भी तलाश कराई जा रही है। जल्द ही इस घटना का पूरा खुलासा किया जाएगा। -कृष्ण कुमार विश्नोई, एसपी, संभल

# मुरादाबाद में दिल दहला देने वाला हादसा: शादी से लौट रहे परिवार का टेंपो हादसे का शिकार, 6 लोगों ने दम तोड़ा

क्यूँ न लिखूँ सच/ सिकंदर राजा / मुरादाबाद में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। कटघर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार रोडवेज बस ने सवारियों से भरे एक टेंपो को पीछे से इतनी जोरदार टक्कर मारी कि बस सीधे टेंपो के ऊपर चढ़ गई। टक्कर की तीव्रता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कई लोग करीब 15 फीट दूर जाकर गिरे और टेंपो के परखच्चे उड़ गए।





हादसे में ऑटो चालक संजू समेत छह लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल है। सभी मृतक कुंदरकी थाना क्षेत्र के अब्दुल्लापुर गांव के रहने वाले थे। वे कटघर के रफातपुर गांव में एक शादी समारोह में शामिल होकर टेंपो से लौट रहे थे। तभी रोडवेज बस पीछे से आकर टेंपो को रौंदती हुई निकल गई। सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें लगने से मौके पर ही कई लोगों की जान चली गई।

मृतकों में एक ही परिवार की तीन महिलाएं भी शामिल हैं। हादसे के बाद राहगीरों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया।

एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि दुर्घटना करीब सवा तीन बजे हुई। रोडवेज बस ने चलते टेंपो में पीछे से टक्कर मारी, जिसके बाद टेंपो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। एसपी सिटी के अनुसार हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हुई है और एक सदस्य घायल है। हादसे के तुरंत बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया है।




## संक्षिप्त समाचार

### कृष्णा ने किया सोनी का कत्ल: पुष्पा संग नोएडा में करती थी काम, छह बहनों में से थी तीसरे नंबर की; मारी गई गोली

सात भाई बहनों में तीसरे नंबर की सोनी अपनी छोटी बहन पुष्पा और रूपेश के साथ नोएडा में नौकरी करती थी। गुरुवार को रूपेश गांव में आयोजित शादी में शामिल होने के लिए घर आए थे। इस दौरान उनकी बहन सोनी और पुष्पा नोएडा में ही थीं। नोएडा में जिस सोनी की गोली मारकर हत्या की गई वह सात भाई-बहनों में तीसरे नंबर की थी। एक बहन और भाई के साथ रहती थी। सोनी का शव पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को घर पहुंचा तो परिजन बदहवास हो गए। सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने भी घर पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाया। परिजनों ने हत्या करने वाले अभियुक्त की गिरफ्तारी की मांग की है।पिता करते हैं खेती - सोनी आदमपुर थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत मुबारिसपुर के मझरा सोरामपुर के रहने वाले जयपाल सिंह की बेटी थी। जयपाल सिंह खेती किसानी करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। उनके परिवार में पत्नी विमलेश के अलावा छह बेटी और एक बेटा रूपेश है। भाई गया था शादी में गांव- सात भाई बहनों में तीसरे नंबर की सोनी अपनी छोटी बहन पुष्पा और रूपेश के साथ नोएडा में नौकरी करती थी। गुरुवार को रूपेश गांव में आयोजित शादी में शामिल होने के लिए घर आए थे। इस दौरान उनकी बहन सोनी और पुष्पा नोएडा में ही थीं। कृष्णा गोली मारकर हुआ फरार-परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को ड्यूटी करने के बाद दोनों बहनें जैसे ही कमरे पर पहुंचीं तो यहां पहले से मौजूद कृष्णा नाम के व्यक्ति ने सोनी की गोली मारकर हत्या कर दी। कृष्णा वारदात को अंजाम देकर भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस में जांच पड़ताल की। घटना की जानकारी मिलते ही सोनी के परिजन नोएडा पहुंच गए। बिटिया का शव देख हर आंख हुईं नम-शनिवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद सोनी का शव गांव में पहुंचा तो लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिवार की होनहार बिटिया को देखकर हर आंखें नम हो गईं। सोनी की हत्या के बाद पूरा परिवार टूट गया है। शनिवार की देर शाम परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं, मृतका सोनी के पिता जयपाल सिंह ने अभियुक्त कृष्णा की गिरफ्तारी की मांग की है।



### हिस्ट्रीशीटर घर में घुसकर पीटता रहा...चीखती रही महिला नहीं मिली मदद, वीडियो हुआ वायरल

पटवाई थाना क्षेत्र के हुसैनगंज में एक घटना सामने आई है। जहां थाने के हिस्ट्रीशीटर बब्बू शाह और उसके साथियों ने मिलकर एक महिला सकीना के घर में घुसकर उस पर जानलेवा हमला किया। जिसका वीडियो वायरल हो रहा है।घटना रविवार सुबह की बताई जा रही है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि अपराधी किस तरह लाठी-डंडों से विधवा की पिटाई कर रहे हैं। महिला मदद के लिए चीखती रही, लेकिन हिस्ट्रीशीटर और उसके साथियों के खौफ के कारण गांव का कोई भी व्यक्ति उसकी मदद के लिए आगे नहीं आया। पीड़िता का आरोप है हिस्ट्रीशीटर और उसके साथियों ने शनिवार को भी उसके साथ झगड़ा किया था, जिसकी तहरीर उसने थाना पुलिस को दी थी। महिला और स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस ने इस शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे अपराधियों का हौसला बढ़ गया। पटवाई प्रभारी नरेश कुमार भाटी ने बताया कि महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है, तहरीर मिल गई है। महिला को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। युवती से छेड़खानी करने में तीन लोगों पर रिपोर्ट- रामपुर,अमृत विचारः अजीमनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती का कहना है कि उसके पिता का विवाद जमीन को लेकर हबीब अहमद, नफीस अहमद व जमील अहमद से चला आ रहा है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज़्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## सेंट पीटर स्कूल में प्रधानाचार्य फादर अलेक्सांडर मोन्तेरो के निर्देशन में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया



**क्यूँ न लिखूँ सच/ राज सक्सेना / किच्छा।** सेंट पीटर स्कूल में प्रधानाचार्य फादर अलेक्सांडर मोन्तेरो के निर्देशन में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा दस के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा श्रीमती अंजू भट्ट अकादमी निर्देशक शम्फोर्ड स्कूल खटीमा व विपुल भट्ट को सुंदर पौधा भेंट देकर किया गया।

संगोष्ठी का उद्देश्य- दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को विभिन्न विषय चयनित करने के लिए जागरूक करना था। जिससे वह विभिन्न क्षेत्रों में लाभ उठा सकें तथा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपने आपको तैयार कर सकें। साथ ही सेंट पॉल सिस्टर के द्वारा सेंट पीटर विद्यालय में दो दिवसीय % पॉलिन बुक एंड मीडिया सेंटर % बुक मेले का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक ज्ञानवर्धक, मनोरंजक, प्रेरणादायी तथा विषय से संबंधित पुस्तकों का भंडार था। जिसे देखने के लिए अनेक अभिभावक व विद्यार्थियों ने इस पुस्तक मेले का आनंद उठाया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य अलेक्सांडर मोन्तेरो के द्वारा श्रीमती अंजू भट्ट व विपुल भट्ट का आभार व्यक्त कर स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्या सिस्टर लूसिया, एलन बर्नार्ड, मालविका, भानु पांडे, रुक्मणी व दसवीं कक्षा के विद्यार्थी मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का गन्ना किसानों की ओर से आभार व्यक्त किया- राजेश शुक्ला



**क्यूँ न लिखूँ सच/ राज सक्सेना / किच्छा।** प्रदेश के गन्ना किसानों के लिए एक बड़ी राहत और ऐतिहासिक सौगात देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गन्ना मूल्य की घोषणा की जिसमें अगेती प्रजाति की गन्ना का मूल्य 405/ कुंतल सामान्य प्रजाति का 395/ प्रति कुंतल तय किया गया। जोकि उत्तर प्रदेश से 30 रुपये/ कुंतल अधिक है। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने अपने आवास पर प्रेसवार्ता कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का गन्ना किसानों की ओर से आभार व्यक्त किया। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की संवेदनशील और किसान-हितेषी सरकार ने किसानों की मेहनत, लागत और हितों को सर्वोपरि रखते हुए उत्तर प्रदेश से 30 रुपए अधिक गन्ना मूल्य घोषित कर इतिहास रच दिया है। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसानों की आय दोगुनी करने के संकल्प को वास्तविक रूप देने वाला कदम है।

उन्होंने बताया कि ठीक एक सप्ताह पूर्व 25 नवंबर को हरिद्वार से पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं प्रदेश उपाध्यक्ष स्वामी यतीश्वरानंद, विधायक आदेश चौहान और स्वयं राजेश शुक्ला के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री आवास पर मुलाकात कर किसानों के लिए गन्ना मूल्य बढ़ाने का आग्रह किया था। उसके बाद मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता दिखाते हुए प्रदेश के किसानों के हित में यह बड़ा निर्णय लिया।।

# एपीओ ने कहा शिकायतकर्ता बानो मौके पर जांच करवाओ

क्यूँ न लिखूँ सच/ मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं अब जिम्मेदारों के लिए एटीएम मशीन बन चुकी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना जिम्मेदारों के लिए सरकारी धन का बंदरबांट करने के लिए एटीएम मशीन बन चुकी है।वही ठीक इसके विपरीत ब्लॉक स्तर पर जिम्मेदार कार्यवाही करने से अपना पल्ला झाड़ते हुए नजर आ रहे हैं। कार्यक्रम अधिकारी हो या अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी सभी ने ग्राम प्रधानों और रोजगार सेवकों को अपना मौन समर्थन दे रखा है। ताजा मामला विकासखंड अमरिया के ग्राम पंचायत अमखिड़िया का है जहां मनरेगा योजना के अंतर्गत बड़ी नहर से अशरफ के खेत तक कच्चा नाला सफाई वरदान कार्य कराया जा रहा है। जिसके लिए 3 मास्टर रोल जारी किए गए हैं जिनकी संख्या क्रमश: 5064, 5065 और 5066 है। जिसके अंतर्गत दिनांक 24.11.2025 से लगातार 27 श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है।


वहीं ग्रामीणों के अनुसार यह कार्य बहुत पहले हो चुका है और अब यहां पर प्रतिदिन श्रमिकों को लाकर फोटो खींचकर श्रमिकों की फर्जी उपस्थितियां दर्ज की जा रही हैं। इस संबंध में जब रोजगार सेवक प्रभु दयाल से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है सभी कार्य प्रधान अपने स्तर से कर रहे हैं। वही जब मामले में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अमरिया अनवर मलिक से संपर्क किया गया तो उन्होंने भी बताया कि उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है मेरी ड्यूटी एसआईआर में लगी हुई है। इस संबंध में अधिक जानकारी कार्यक्रम अधिकारी ही दे सकते हैं। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि अगर ऐसा कोई मामला है तो कल मैं स्वयं जाकर जांच करुंगा और आपको भी बुला लूंगा। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अमरिया अपने संरक्षण में यह सारे कार्य कर रहे हैं। क्या वह मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम पर प्रतिदिन दर्ज की जा रही उपस्थितियों की निगरानी नहीं कर रहे हैं। वहीं कार्यक्रम अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी अमरिया दिनेश सिंह से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया

## नाली नवनिर्माण का कार्य चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट, ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव की मिली भगत से पैसों का बंदर बाट



**क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार** / पीलीभीत विकास खंड अमरिया के ग्राम पंचायत नवादा दास में नाली निर्माण में घटिया सामग्री व पीले ईंट इस्तेमाल करके ग्रामवासियों के सपनों पर पानी फेर रहे ग्राम प्रधान व सचिव। ग्रामवासियों ने बताया कि आठ एक मसाला पीला ईंट व घटिया साम्रगी का इस्तेमाल करके जो नाली निर्माण कराया जा रहा है? उसमे से बचा हुआ पैसा प्रधान व सचिव अपने जेब मे रखेंगे। सूत्र बताते है कि इससे पहले जितना भी नाली निर्माण कराया गया उसमे जमकर भ्रष्टाचार प्रधान द्वारा किया गया। ग्राम पंचायत नवादा दास में प्रधानग्राम के घर के पास में ही नाली नवनिर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें घटिया सामग्री का उपयोग प्रधान और सचिव की मिलीभगत से हो रहा है। वही निर्माण कार्यों के लिए निर्धारित मानकों और गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही हैं। इसके कारण सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है, और नाली जैसी संरचनाएं जल्द ही खराब हो जाती हैं। नाली निर्माण में निम्न-गुणवत्ता वाली ईंटें, रेत और सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है, जो मानकों के अनुरूप नहीं हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान और सचिव एक-दूसरे से मिले हुए हैं और ठेकेदार के साथ मिलकर घटिया क्वालिटी की सामग्री का उपयोग कर रहे है।। मानना है कि घटिया निर्माण सामग्री के कारण नाली कुछ महीनों में ही खराब हो जाएगी। ग्रामीण प्रशासन पर निष्क्रिय होने का आरोप लगा रहे हैं और चेतावनी दी है कि अगर घटिया सामग्री को नहीं हटाया गया तो वे उच्च अधिकारियों को शिकायत करेंगे।इस संबंध में जब ग्राम विकास अधिकारी मानेन्द्र गंगवार और खंड विकास अधिकारी दिनेश सिंह से संपर्क करने की कोशिश की गई तो दोनों के द्वारा फोन नहीं उठाया गया।

# महिला ने सब रजिस्ट्रार से बैनामा रोकने की मांग की।



क्यूँ न लिखूँ सच/ प्रेमचंद जायसवाल/ श्रावस्ती/ जमुनहा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत महरु मूर्तियां के जमुनही गांव की निवासी श्यामकली पत्नी हरिराम ने सब रजिस्ट्रार जमुनहा को एक प्रार्थना पत्र दिया है। इसमें उन्होंने अपनी सास की पुश्तैनी जमीन का बैनामा रोकने की मांग की है। श्यामकली ने आरोप लगाया है कि उनकी लगभग 80 वर्षीय सास, जिनका नाम खतौनी में श्यामकली पत्नी बेचू दर्ज है, मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं। उनकी सोचने-समझने की शक्ति ठीक नहीं है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, यह जमीन गाटा संख्या 792 और 843 (रकबा संख्या 0.033) तथा गाटा संख्या 794 (रकबा संख्या 238) पर स्थित है। यह भूमि उनकी पुश्तैनी संपत्ति है। श्यामकली ने बताया कि ड्यूठी दाखिला रानी सीर निवासी दीपक पुत्र ओरीलाल उनकी सास को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गए हैं। आरोप है कि दीपक अवैध रूप से उनकी सास की जमीन को दूसरे के हाथों बिकवा रहे हैं। प्रार्थनी ने यह भी बताया कि उनकी सास का नाम खतौनी में श्यामकली है, जबकि आधार कार्ड में रामकला दर्ज है। श्यामकली को विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि विपक्षी बिना किसी प्रतिफल के धोखे से इस भूमि का बैनामा कराना चाहते हैं। उन्होंने सब रजिस्ट्रार जमुनहा से इस मामले में तत्काल कार्रवाई करने और बैनामा रोकने की मांग की है।

# कथा व्यास साध्वी प्रियंका शास्त्री ने शिव विवाह की कथा सुनाई



क्यूँ न लिखूँ सच/ राजेंद्र विश्वकर्मा/ सज रहे भोले बाबा निराले दूल्हे में मतवाले दूल्हे में भजन के साथ पूरा पंडाल गुंजाभारी भीड़ कथा सुनने को उमड़ी ग्राम रबा मे श्री मद भागवत कथा एवं राम लीला मंचन और मेला महोत्सव का विशाल आयोजन चल रहा है श्री मद भागवत कथा में आज पंचम दिवस की कथा कथा व्यास साध्वी प्रियंका शास्त्री जी ने शिव विवाह की कथा अपने मुखारबिंद से भक्तों को श्रवण कराई इस कथा पंडाल में तमाम गांवों से आये लोगों ने कथा व्यास का सम्मान कर आशीष लिया इस कार्यक्रम के संयोजक और कथा के परीक्षित विधान परिषद की सदस्य श्री मति रमा आरपी निरंजन ने कथा पुराण की पूजन अर्चन कर आरती उतारी और कथा व्यास साध्वी प्रियंका शास्त्री जी का पुष्प गुच्छ देकर आशीर्वाद लिया पुलिस प्रशासन की बढ़िया व्यवस्था रही कोच कोतवाली प्रभारी अजीत सिंह की टीम ने अच्छी व्यवस्था की भेड़ चौकी इंचार्ज सुशील कुमार के साथ कथा सुनने कोच के पूर्व नगर अध्यक्ष विज्ञान सिरोदिया राजा तिवारी दीपू गोस्वामी कथा सुनाने आएयज्ञ वेदी व्यवस्था सुरेश पटेल मंच संचालन व्यवस्था में कृष्णकांत बाजपेई नारायण सिंह आचार्य जी कार्यालय प्रभारी एवं कोषाध्यक्ष रामलीला व्यवस्था शिव नारायण राजीव राठौर अमीर सिंह परिहार सोहन सिंह बृजेश पटेल राजीव निरंजन जिला महामंत्री भंडारा व्यवस्था श्याम चरण झा अर्जुन सिंह कथा समापन के बाद सैकड़ों भक्तों को प्रसाद के रूप में केला फल का वितरण किया गया इस अवसर पर शिक्षक नेता रामशंकर छानी सत्येंद्र गुर्जर दिक्कू रबा प्रधान मुलायम सिंह कुशवाहा राजेंद्र प्रसाद निरंजन राजेश बापू अभय निरंजन मनोज झा लालसिंह कुशवाहा सुरेन्द्र पटेल नारायण सिंह आचार्य जी कमलेश महाराज लालजी पटेल महेंद्र निरंजन मिस्टर धनोरा हरिश्चंद्र पटेल सदुपुरा राजेंद्र सिंह मास्टर महेश पटेल शिव पाल सिंह सोहन अर्जुन हरिसिंह राम राजा नितिन रोशन चन्दन रजक बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे

## भगवानपुर पंचायत के लाहोर कला, मुनव्वर गांव में विकास कार्य शून्य

क्यूँ न लिखूँ सच/ प्रेमचंद जायसवाल / ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से जांच और कार्रवाई की मांग की। श्रावस्ती के जमुनहा विकास खंड की ग्राम पंचायत भगवानपुर के लाहोर कला और मुनव्वर गांवों में विकास कार्य ठप पड़े हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले पांच वर्षों में इन मजरों में कोई विकास कार्य नहीं हुआ है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव के निवासियों के अनुसार, लाहोर कला से मुनव्वर गांव को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण लगभग दो दशक पहले हुआ था।

यह सड़क अब पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है और इसमें बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे आवागमन मुश्किल हो गया है।

मुनव्वर गांव से धन्नी पुरवा (गिरंट) को जोड़ने वाली पीडब्ल्यूडी सड़क के किनारे नालियों का अभाव है। घरों का गंदा पानी सीधे सड़क पर बहता है, जिससे ग्रामीणों और राहगीरों को इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सड़क की मरम्मत और नालियों का निर्माण कराया जाए तो आवागमन सुचारु हो जाएगा। वकील अहमद, सर्वेश कुमार और शिव शंकर लाल पाठक सहित कई ग्रामीणों ने श्रावस्ती के जिलाधिकारी से ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों की जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।




## संक्षिप्त समाचार

### बस की टक्कर से बाइक सवार बहेड़ी के दो युवकों की दर्दनाक मौत

**क्यूँ न लिखूँ सच/ राज सक्सेना / किच्छा :** देर रात्रि बस की टक्कर से बाइक सवार बहेड़ी के दो युवकों की दर्दनाक मृत्यु हो गयी। पुलिस ने रात्रि में शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर रात अरबाज पुत्र इसराइल, जीशान पुत्र शरीफ अहमद मोहल्ला मोहम्मदपुर बहेड़ी, बरेली बहेड़ी जा रहे थे इस दौरान टोल के पास बस की टक्कर से दोनो घायल हो गए, जिन्हें घायल अवस्था मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती करवाया गया। जहां चिकित्सकों ने जीशान को मृत घोषित कर दिया। जबकि अरबाज की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही अरबाज ने भी दम तोड़ दिया। इधर जिला अस्पताल पहुचने पर चिकित्सकों ने अरबाज को मृत घोषित कर दिया, इधर लालपुर चौकी प्रभारी बसंत प्रसाद ने बताया दोनों के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है।

### अस्पताल को दो महीने पहले स्वास्थ्य विभाग ने कर दिया था सील, अब फिर से संचालित

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / जिस अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग ने अवैध बताकर दो महीने पहले सील कर दिया था, वह अस्पताल वर्तमान में फिर से संचालित किया जा रहा है। अस्पताल में फिर से न



सिर्फ इलाज किया जा रहा था, बल्कि मरीजों को भर्ती भी किया जा रहा हैं। दरअसल, अमरिया क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित कई अस्पतालों, निजी नर्सिंग होम पर स्वास्थ्य विभाग दो महीने पहले डंडा चला था। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापामारी कर अवैध अस्पतालों को सील कर दिया था। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से अवैध नर्सिंग होम संचालकों में हड़कंप मच गया था। लेकिन स्वास्थ्य विभाग इन अवैध अस्पतालों के संचालकों के विरुद्ध आज तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं कर सका। वहीं वर्तमान में सील किये हुए जीवन ज्योति नर्सिंग का दुबारा संचालित होना स्वास्थ्य विभाग की मिली भगत और नाकामी उजागर कर रहा है। वही अस्पताल संचालक आपसी सांठगांठ से आम लोगों के स्वास्थ्य के साथ दोबारा खिलवाड़ करने में जुट गया।

मामले में अधिक जानकारी देते हुए सीएचसी प्रभारी अमरिया डॉक्टर अनिकेत गंगवार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### मटेरा थाने से होमगार्ड लायक राम सेवानिवृत्त थाना प्रभारी सुरेंद्र प्रताप बौद्ध ने पुलिस टीम के साथ दी विदाई

क्यूँ न लिखूँ सच/ अमरीक सिंह/ बहराइच। जनपद बहराइच के मटेरा थाना परिसर में रविवार शाम लगभग 4=30 बजे सेवानिवृत्ति होमगार्ड लायक




राम पुत्र राम प्रताप को विदाई दी गई। थाना प्रभारी सुरेंद्र प्रताप बौद्ध ने अपनी पुलिस टीम के साथ होमगार्ड लायक राम को मीठा खिलाकर, अंग वस्त्र और फूल मालाएं भेंट कर विदाई दी। लायक राम वर्ष 1984 में होमगार्ड के पद पर तैनात हुए थे। उन्होंने 41 वर्षों तक अपनी सेवाएं प्रदान की। इस अवसर पर




क्षेत्र के अन्य होमगार्ड भी उपस्थित रहे। लायक राम नानपारा कोतवाली के खुदाद भारी ग्राम सभा के निवासी हैं। इस अवसर पर गुप्ता होमगार्ड ने विदाई गीत गाकर सभी की आंखों को नम कर दिया। थाना प्रभारी सुरेंद्र प्रताप बौद्ध ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि जहां भी रहे स्वस्थ और सुखी रहे।

# जयंत चौधरी ने अखिलेश यादव पर साधा निशाना, बोले- एसआईआर से डरने की जरूरत नहीं, लोकतंत्र होगा मजबूत



केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी छपरौली में सिंथेटिक रनिंग ट्रैक का उद्घाटन करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली को मजबूत करने के लिए आगे आएं। एसआईआर से लोकतंत्र का भला होगा। केंद्रीय राज्यमंत्री चौधरी जयंत सिंह ने कहा कि एसआईआर को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के अंदर भय है। इसलिए वह लोगों को डराने का कार्य कर रहे हैं। हम सभी को एसआईआर से डरने की जरूरत नहीं है और हमें अपना वोट सुरक्षित रखने के लिए सहयोग करना चाहिए।वह छपरौली में सिंथेटिक रनिंग ट्रैक का उद्घाटन करने के लिए पहुंचे थे। अखिलेश यादव के एसआईआर से लोगों को मकान, दुकान से बेदखल करने के बयान पर उन्होंने कहा कि उनके अंदर डर बना हुआ है। वह खुद तो डरे हुए हैं, लेकिन दूसरों को भी डरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर से हमें डरने की जरूरत नहीं है, बल्कि हमें एसआईआर प्रक्रिया को पूरी कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने का कार्य करना चाहिए। सभी लोगों को एसआईआर का फार्म भरकर अपनी वोट को सुरक्षित रखने का कार्य करना चाहिए और सभी को एसआईआर पर निगाह रखनी चाहिए ताकि उन्हें किसी भी तरह की परेशानी न उठानी पड़े। एसआईआर फार्म भरने से लोकतंत्र को मजबूत बनाने का अधिकार मिलेगा।वेस्ट यूपी के पहले सिंथेटिक ट्रैक का जयंत ने किया उद्घाटन- श्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वेस्ट यूपी का पहला सिंथेटिक ट्रैक बनवाया गया है। इसका केंद्रीय राज्यमंत्री चौधरी जयंत सिंह ने उद्घाटन किया। जयंत ने कहा कि युवाओं को अब पुलिस व सेना की भर्ती के लिए सड़कों पर दौड़ना नहीं पड़ेगा, उन्हें दौड़ने के लिए रनिंग ट्रैक मिल गया है।कॉलेज में सिंथेटिक रनिंग ट्रैक का उद्घाटन करने से पहले केंद्रीय राज्यमंत्री चौधरी जयंत सिंह ने दौड़कर देखा और उनके साथ सभी नेता दौड़ लगाने लगे। उन्होंने बताया कि पांच लेन के दो सौ मीटर के ट्रैक का निर्माण 82 लाख रुपये से कराया गया है। ट्रैक पर रोजाना 300 युवा अभ्यास करेंगे और उन्हें किसी भी तरह की परेशानी नहीं होगी। नियमित अभ्यास से ही उत्कृष्ट खिलाड़ी तैयार होते हैं।

इस दौरान छपरौली विधायक डॉ. अजय कुमार, राष्ट्रीय सचिव डॉ. कुलदीप उज्ज्वल, जिलाध्यक्ष सुभाष गुर्जर, डॉ. अनिल आर्य, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष धीरज उज्ज्वल, प्रबंधक विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

खेलों पर निधि से खर्च होंगे दस करोड़ रुपये- केंद्रीय राज्यमंत्री चौधरी जयंत सिंह ने कहा कि आगामी तीन वर्षों पर खेलों पर दस करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। जनप्रतिनिधियों के सहयोग से खेल को बढ़ावा दिया जाएगा। युवाओं को खेल में मजबूत करने के लिए कार्य किया जाएगा। स्टेडियम, सिंथेटिक ट्रैक, वॉलीबाल, बास्केटबॉल, बैंडमिंटन कोर्ट आदि का निर्माण कराया जाएगा।

# राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक, शीतकालीन सत्र के हंगामेदार रहने के आसार



सर्वदलीय बैठक पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, शीतकालीन सत्र में हम आशा करते हैं कि सभी लोग शांत मन से काम करेंगे और गरमागरम बहस से बचेंगे। संसद में बहस होगी और मुझे उम्मीद है कि कोई व्यवधान नहीं होगा। संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। केंद्र और विपक्ष के बीच इस शीतकालीन सत्र में कई मुद्दों को लेकर हंगामा छिड़ने के आसार अभी से नजर आ रहे हैं। शीतकालीन सत्र से पहले रविवार को हुई केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रविवार को हुई सर्वदलीय बैठक में जेपी नड्डा, किरेन रिजिजू समेत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, गौरव गोगोई और अन्य नेता शामिल हुएकांग्रेस ने लगाए गंभीर आरोप, संसद में सरकार को घेरने की तैयारी- सर्वदलीय बैठक के बाद कांग्रेस के लोकसभा सांसद गौरव गोगोई ने कहा, %ऐसा लगता है कि सरकार, भाजपा, प्रधानमंत्री भारत के लोकतंत्र और संसदीय परंपराओं को खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ये संभवत: सबसे छोटा शीतकालीन सत्र; ऐसा लगता है कि सरकार संसद को पटरी से उतारना चाहती है। उन्होंने संसद में पार्टी की रणनीति को लेकर कहा, सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस ने राष्ट्रीय सुरक्षा, वायु प्रदूषण, लोकतंत्र की रक्षा, मतदाता सूची की सुरक्षा पर चर्चा की मांग की। माकपा सांसद ने सरकार की जिम्मेदारियों को याद दिलाया- सर्वदलीय बैठक के बाद माकपा नेता जॉन ब्रिटास ने कहा, दिल्ली में लाल किले के पास हुए विस्फोट ने सरकार की पोल खोल दी है। हमारी पार्टी सुरक्षा से मुद्दों पर संसद में विस्तृत चर्चा चाहती है। उन्होंने कहा कि यदि संसद बाधित होती है और ठप्प होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

किसी ने नहीं कहा कि संसद नहीं चलने देंगे, बोले किरेन रिजिजू

सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, किसी ने नहीं कहा कि संसद नहीं चलेगी या चलने नहीं देंगे। कुछ नेताओं ने कहा कि वे SIR पर सदन में हंगामा कर सकते हैं। मैं सकारात्मक रूप से कह रहा हूं कि हम विपक्ष की बात सुनने के लिए तैयार हैं। संसद सबकी है, देश की है। संसद में हर मुद्दे पर चर्चा करने का एक तरीका होता है। नियम होते हैं, परंपराएं होती हैं।

किरेन रिजिजू ने कहा, शीतकालीन सत्र में हम आशा करते हैं कि सभी लोग शांत मन से काम करेंगे और गरमागरम बहस से बचेंगे। संसद में बहस होगी और मुझे उम्मीद है कि कोई व्यवधान नहीं होगा। अगर हम शांत मन से काम करेंगे, तो यह देश के लिए फायदेमंद होगा और संसद सत्र सुचारू रूप से चलेगा

शीतकालीन सत्र में केंद्र सरकार असैन्य परमाणु क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने संबंधी विधेयक के साथ अपने सुधार एजेंडे को आगे बढ़ाएगी। वहीं, विपक्ष 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के संशोधन का मुद्दा उठाने की तैयारी में है। संसद का तीन सप्ताह लंबा सत्र बिहार विधानसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए की भारी जीत के बाद आयोजित हो रहा है। विपक्ष की ओर से शीतकालीन सत्र में सोनिया-राहुल गांधी पर नई प्राथमिकी, दिल्ली प्रदूषण, दिल्ली आतंकी हमला और वोट चोरी जैसे मुद्दों को उठाने की संभावना है।

## जिस टैंकर से उतरा शख्स, उसी से कुचलकर मौत; सीसीटीवी में कैद हुआ दर्दनाक हादसा



बदायूं के कस्बा बगरैन में रविवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। यहां गौरी शंकर इंटर कॉलेज के सामने टैंकर से कुचलकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। दर्दनाक हादसा वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। बदायूं के वजीरगंज थाना क्षेत्र के कस्बा बगरैन में रविवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। एक शख्स जिस टैंकर से उतरा, चंद सेकंड बाद उसी टैंकर से कुचलकर उसकी मौत हो गई। हादसा आंवला-बिसौली रोड स्थित गौरी शंकर इंटर कॉलेज के सामने हुआ। हादसा सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गया। मृतक की पहचान 55 वर्षीय अब्दुल वाहिद के रूप में हुई है। वह बरेली के आंवला क्षेत्र के मनौना गांव के रहने वाले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रविवार सुबह गौरी शंकर इंटर कॉलेज के सामने डीजल टैंकर रुका। उसके केबिन से अब्दुल वाहिद नीचे उतरे और पैदल आगे चलने लगे। इसी दौरान चालक ने टैंकर चला दिया, जिसकी चपेट में अब्दुल आ गए। उनके ऊपर से टैंकर का पहिया गुजर गया। हादसा पास के भवन में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी रिकॉर्ड हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने टैंकर को कब्जे में ले लिया। उसके चालक को भी हिरासत में लिया गया। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## एसआईआर अभियान: गोद में बच्चों को लेकर काम कर रहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, डिजिटाइजेशन में सर्वर की बाधा

बरेली में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज किया जा रहा है। इस काम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी जुटी हुई हैं। उनका कहना है कि ड्यूटी के दौरान उनको पानी तक नसीब नहीं हो रहा है। प्यास लगने पर उनको पानी खरीदना पड़ रहा है।बरेली में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता खुद भूखी-प्यासी रहकर लोकतंत्र की जड़ों को सींच रही हैं। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत सदर तहसील में कैंट विधानसभा क्षेत्र के गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज किया जा रहा है। इसके लिए सुबह 10 से शाम पांच बजे तक 69 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ड्यूटी कर रही हैं। इनमें कई ऐसी महिलाएं हैं, जिनके छोटे बच्चे भी हैं। ड्यूटी के दौरान उनको पानी तक नसीब नहीं हो रहा है। प्यास लगने पर उनको पानी खरीदना पड़ रहा है।प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन में लगीं प्रेमनगर भूड़ वार्ड-54 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोज यादव शनिवार को अपने छोटे बच्चे को कुर्सी पर लिटाकर काम करती दिखीं। वार्ड-77 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आरती व जेबा अहमद और वार्ड-62 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मुस्कान गुप्ता एवं चित्रा अग्रवाल ने बताया कि वह सुबह 10 बजे तहसील आ जाती हैं। शाम पांच बजे तक काम में जुटी रहती हैं। दिनभर में चाय न मिले तो कम से कम पानी ही मिल जाए। वेबसाइट धीमी होने से दिक्कत - इन लोगों ने यह भी बताया कि उन्हें रोज 150 प्रपत्रों को डिजिटाइज करना है, लेकिन वेबसाइट धीमी होने से दिक्कत आ रही है। तहसील सभागार में लगा वाई-फाई सिस्टम भी बेहतर काम नहीं कर रहा है। हालात यह है कि शनिवार अपराह्न 3-30 बजे तक प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता 40-50 प्रपत्र ही डिजिटाइज कर पाई थीं। सुपरवाइजर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शालू के कार्य की सराहना की। शालू ने बताया कि सर्वर बहुत डाउन है। इसलिए काम गति नहीं पकड़ पा रहा है। यही बात सोनम ने भी दोहराई। डायट के प्रशिक्षु शेखर सक्सेना ने बताया कि वह पहली बार यह काम कर रहे हैं। जल-जलपान का कोई इंतजाम नहीं है। शेखर ने कहा कि गणना प्रपत्र सबमिट करने के दौरान अक्सर लॉग आउट हो जा रहा है। आठ महीने से नहीं मिला मानदेय- आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताया कि उन लोगों की इसी वर्ष अप्रैल में ज्वॉइनिंग हुई है। आठ महीने हो गए हैं, पर मानदेय नहीं मिला है। रोज घर से किराये का इंतजाम करके आना पड़ रहा है। डीपीओ मनोज कुमार ने बताया कि नई ज्वॉइनिंग की सभी कार्यकर्ताओं को मानदेय हर महीने मिल रहा है।कैंट विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी गुलाब चंद्र ने बताया कि डिजिटाइजेशन में लगीं सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पानी और सूक्ष्म जलपान मिल रहा है। कुछ कार्यकर्ताओं की शिकायत है तो इसकी जांच करा ली जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पांच दिन से लापता युवक का शव खेत में मिला, रुपयों के विवाद में हत्या का आरोप

लखीमपुर खीरी के निघासन थाना क्षेत्र में नानक नगर वार्ड संख्या 10 निवासी बाबूराम का शव रविवार को गन्ने के खेत में पड़ा मिला। वह पांच दिन से लापता था। मृतक के परिजनों ने पड़ोसी गांव के चार युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। लखीमपुर खीरी के निघासन कस्बा के नानक नगर वार्ड संख्या 10 (छीटन पुरवा गांव) में उस समय सनसनी फैल गई, जब लापता युवक बाबूराम (35) का शव पांच दिन बाद रविवार को तालाब किनारे स्थित गन्ने के खेत से बरामद हुआ। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।परिजनों ने लेनदेन के विवाद को हत्या का कारण बताते हुए पड़ोसी गांव के चार युवकों पर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि बाबू और आरोपियों के बीच 1900 रुपये को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। कुछ दिन पहले दोनों पक्षों में हाथापाई भी हुई थी। परिजनों के अनुसार मारपीट की घटना के बाद ही मंगलवार सुबह बाबूराम बिना किसी सूचना के घर से निकल गया था, जिसके बाद वह वापस नहीं आया।मेड़ पर पड़ा मिला शव - रविवार दोपहर ग्रामीणों ने तालाब के पास गन्ने की मेड़ पर पड़े शव को देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू की। परिजनों ने आरोप लगाया है कि युवक की हत्या कर शव गन्ने के खेत में फेंका गया है। बताया कि बाबूराम लद्दाख में मजदूरी करता था। ठंड व बर्फबारी बढ़ने के कारण करीब दो महीने पहले ही गांव लौटा था। कोतवाल निघासन महेशचंद्र ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर बाबूराम की गुमशुदगी दर्ज कर पोस्टर थानों के सूचना बोर्डों पर चस्पा कराए गए थे। उन्होंने बताया कि लेनदेन विवाद में नामजद आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही थी। इसी दौरान बाबूराम का शव बरामद हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।




### यूपी में एसआईआर फॉर्म भरने की तारीख एक सप्ताह बढ़ी, बीएलओ पर पड़ रहा था ज्यादा दबाव

यूपी में चुनाव आयोग द्वारा करवाए जा रहे एसआईआर अर्थात मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान में बीएलओ पर पड़ रहे दबाव को देखते हुए एसआईआर कराने की अंतिम तारीख को एक सप्ताह बढ़ा दिया गया है।यूपी में चुनाव आयोग द्वारा करवाए जा रहे एसआईआर अर्थात मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान में बीएलओ पर पड़ रहे दबाव को देखते हुए एसआईआर कराने की अंतिम तारीख को एक सप्ताह बढ़ा दिया गया है। अब एसआईआर फॉर्म भरने की अंतिम तारीख 11 दिसंबर हो गई है। एसआईआर की डेडलाइन एक सप्ताह बढ़ाए जाने के बाद अब मतदाता सूची के ड्राफ्ट रोल का प्रकाशन 9 दिसंबर के बजाय 16 दिसंबर को होगा और अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी की जगह 14 फरवरी को आएगी। बता दें कि कई जिलों के बीएलओ ने काम के दबाव की शिकायत की थी और कई कर्मचारियों की मौत भी हो गई थी।मुरादाबाद में सुबह बीएलओ ने जान दी इसके पहले यूपी के मुरादाबाद में 46 वर्षीय सर्वेश सिंह ने आत्महत्या कर ली। पुलिस और परिजनों को मौके से सुसाइड नोट मिला है। सर्वेश सिंह भगतपुर टांडा ब्लॉक के जाहिदपुर सीकमपुर गांव स्थित कंपोजित विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात थे। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने बताया कि सात अक्तूबर को उन्हें बीएलओ बनाया गया था।कहा कि एसआईआर का टार्गेट पूरा न होने से बहुत तनाव में हूं। इसलिए आत्महत्या करने के लिए मजबूर हूं। रविवार की सुबह उनका शव घर में ही फंदे पर लटका मिला है। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने मामले की जांच की जा रही है।



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com



# JLo stole the spotlight in a rose-gold sari, with a fee worth crores at Netra Mantena and Vamsi's royal wedding in Udaipur.

The royal wedding of Netra Mantena and Vamsi Gadiraju in Udaipur was a blend of star power, royalty, and a record-breaking budget. The wedding was held in a very grand manner, and American pop star Jennifer Lopez (Jennifer Lopez Udaipur Wedding) also attended. Let's find out what her look was like and how much she charged. Jennifer Lopez also attended Netra Mantena and Vamsi Gadiraju's wedding. Jennifer charged a hefty sum to perform at the wedding.

Jennifer's look at the wedding was also quite beautiful. Udaipur recently witnessed a wedding that combined star power, royalty, and a record-breaking budget. The Udaipur Royal Wedding of Netra Mantena and Vamsi Gadiraju was already making headlines for its royal setup and celebrity lineup, but the entry of American pop star Jennifer Lopez (Jennifer Lopez in Udaipur Wedding) brought it into global headlines. A grand wedding, a royal location: Netra, daughter of US-based pharma billionaire Ram Raju Mantena, and Vamsi, co-founder of Superorder, were married from November 21st to 24th at several prestigious palaces in Udaipur. The Leela Palace, Taj Lake Palace, City Palace,

Jagmandir Island Palace, and Zenana Mahal were among the royal celebrations. The main ceremony took place at the Jagmandir, where the 17th-century marble walls were decorated with floral motifs to create a beautiful dreamland. The bride and groom's Sabyasachi outfits and the mega-celebrity guest list made it even more spectacular. A star-studded affair: Donald Trump Jr., several global entrepreneurs, and Hollywood and Bollywood stars were present at the wedding. At the sangeet and parties, stars like Ranveer Singh, Janhvi Kapoor, Shahid Kapoor, Nora Fatehi, Jacqueline Fernandez, Kriti Sanon, Madhuri Dixit, and Varun Dhawan set the stage on fire. According to several reports, performers like Varun and Sukhbir charged up to ?3-4 crore (US$1.2 million). However, American pop star Jennifer Lopez stole the show. Jennifer Lopez became the center of attraction, closing out the four-day celebration. On Sunday's post-wedding night, J-Lo performed her special act, turning the Udaipur wedding into an international spectacle. What was J-Lo's look like? J-Lo wore a rose-gold sari for the occasion, which has become one of her most iconic Indian-wear looks. The sari featured a modern, asymmetrical drape, a gown-like fit, and the sari-style fall of the pallu captivated everyone. Along with this, fine handwork on the strapless body, pastel gemstone choker, drop earrings, matching bracelet and the beautiful contrast of green jewels on the metallic fabric added to her look. Her entire look looked no less than a movie scene and went viral on social media within minutes. How much did JLo charge? - According to reports, Jennifer Lopez charged approximately Rs 17 crore for this event. This amount takes her higher in the list of most expensive international wedding performers till date. Netra and Vamsi's wedding made a lot of headlines on social media, with Jennifer Lopez being the centre of attraction.

# 4 Best Homemade Face Packs for Instant Glow, Perfect for Wedding Season

For special occasions like weddings, natural face packs are a great alternative to market-made chemical products for instant glow. They nourish the skin and provide a natural glow. Here are four face packs that help cleanse, moisturize, and enhance skin radiance. Let's learn about them. Homemade face packs are the best option for instant glow. Made from natural ingredients, they don't harm the skin. These face packs also remove dead skin cells. In today's busy life, skin care often gets neglected. But when a special occasion like a wedding approaches, everyone wants their face to look radiant and fresh. In such a situation, natural face packs are a great option for achieving instant glow instead of market-made chemical products. These not only bring a natural glow to the face but also nourish the skin. Let's learn about 4 effective face packs to try before a wedding. Gram Flour and Yogurt Pack: This face pack has been used in Indian homes for centuries for beauty enhancement. It cleanses the skin and brings an instant glow. Ingredients: 2 teaspoons gram flour, 1 teaspoon fresh yogurt, 1/2 teaspoon honey, a few drops of lemon juice. Method: Mix all the ingredients thoroughly to form a paste. Apply this paste evenly to your face and neck and let it dry. After drying, scrub gently with wet hands and rinse with cold water. Benefits: Gram flour deeply cleanses the skin and removes dead skin cells. Yogurt naturally moisturizes and tightens the skin. Honey is a natural humectant, which maintains moisture in the skin. Lemon lightens blemishes. Turmeric and Sandalwood Powder Glow Pack: Turmeric and sandalwood are great for the skin. This pack not only gives the skin an inner glow but also cools and calms it, which is essential before a stressful event like a wedding. Ingredients: 1 teaspoon sandalwood powder, 1/2 teaspoon turmeric powder, 1 teaspoon rose water, 1 teaspoon milk or cream. Method: Mix sandalwood powder and turmeric with rose water and milk to form a smooth paste. Apply it to the face and let it dry for 15-20 minutes. Once dry, rub gently and rinse with cold water. Benefits: Sandalwood powder cools the skin, soothes rashes and irritation. Turmeric detoxifies the skin and brings a natural glow. Rose water maintains the skin's pH balance and refreshes it. Milk or cream softens the skin and retains moisture. Honey and Cinnamon Glow Booster: If you suffer from acne and dull skin, this pack is perfect for you. Both honey and cinnamon are rich in antibacterial and anti-inflammatory properties. Ingredients: 1 teaspoon raw honey, 1/2 teaspoon cinnamon powder, 1/2 teaspoon lemon juice. Method: Mix honey and cinnamon powder thoroughly. If your skin is oily, add lemon juice. Apply this mixture to your face and rinse it off with lukewarm water after 10-15 minutes. Benefits: Honey helps moisturize your skin while fighting bacteria. Cinnamon promotes blood circulation, giving it a natural glow and reducing acne. Lemon juice reduces excess oil and helps get rid of blackheads and whiteheads. Papaya and Oatmeal Exfoliating Pack: This pack removes dead skin cells, leaving it soft and glowing. The enzymes in papaya act as a natural exfoliant. Ingredients: 2 teaspoons ripe mashed papaya, 1 teaspoon oatmeal, 1 teaspoon yogurt. Method: Mix papaya, oatmeal, and yogurt into a thick paste. Apply it to your face and leave it on for 15 minutes. Then, gently massage in circular motions and rinse with cool water. Benefits: Papaya exfoliates the skin, leaving it glowing and reducing fine lines. Oatmeal maintains moisture and acts as a mild exfoliant. Yogurt tightens and softens the skin.



## The secret to crispy potato tikkis! Learn the special trick that will double the taste of your chaat.

Aloo tikki chaat available in the market is often unhealthy. But if you're craving it, what can you do? You can make aloo tikki chaat at home with a very simple recipe. This recipe will give you the exact same taste as the market-made chaat. The mere thought of the spicy flavor of aloo tikki chaat makes your mouth water. Its delicious taste is a delight for everyone. However, commercially available chaat can be unhealthy. Reused oil and dirt can make you sick. But that doesn't mean you should give up on chaat altogether. The simple solution is to make aloo tikki chaat at home. We're going to share an easy recipe that will help you make aloo tikki chaat with ease, and it will taste just like the market-made tikki. Let's learn this recipe. Ingredients Potatoes - 4-5 medium (boiled and completely cooled) Cornflour or arrowroot - 3-4 tbsp (for crispiness) Rice flour - 1 tbsp (optional, for extra crunch) Green chillies - 2 (finely chopped) Spices - Salt, red chilli powder, roasted cumin powder, mango powder (to taste) Coriander leaves - finely chopped Oil - for shallow frying For garnishing the chaat - Whipped curd - 1 cup Green chutney - Coriander-mint sweet tamarind chutney - Sweet and sour dry ginger Spices - Chaat masala, black salt, roasted cumin powder, red chillies Garnish - Sev, pomegranate seeds and some coriander leaves Method of preparation - First, peel the boiled potatoes and grate them. Grating will prevent lumps in the tikkis. Now add cornflour, rice flour, green chillies, coriander leaves and the dry spices for the tikkis. Then knead it into a dough. If the mixture feels wet, add a little more cornflour. Apply some oil to your hands and form medium-sized balls from the mixture. Press them between your palms to flatten them into patties. Smooth the edges to prevent them from tearing during frying. Heat 3-4 tablespoons of oil in a non-stick pan. Place the tikkis on the pan and fry them over medium heat. When one side is golden and crispy, flip them over and fry them until they're deep golden on both sides. To achieve a market-like taste, when the tikkis are 80% cooked, press them down with a spatula and fry them again. This will ensure they're crispy on the inside. Place two hot tikkis on a plate and break them slightly. Top with cold, sweet yogurt. Add green chutney and sweet tamarind chutney. Sprinkle a pinch of chaat masala, black salt, roasted cumin seeds, and red chili. Lastly, garnish with finely chopped sev, pomegranate seeds and green coriander and serve immediately.



